**दिनांक 27.02.2026 को सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में Construction of Boundary Wall, Main Gate with Guard Room, Campus Development, Approach Road and Horticulture work in Senior Officer Residence at 42 Harding Road, Patna के कार्य के एकरारित मदों के मात्रा में हुये विचलन एवं अतिरिक्त मदों हेतु पूरक कार्य पर विचार करने हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाहीः-**

उपस्थितिः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **श्री कुमार रवि,**<br>सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री सुरेश प्रसाद प्रभाकर,**<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |
| 3. | **श्री ब्रजेश कुमार,**<br>मुख्य अभियंता(पटना), भवन निर्माण विभाग, पटना। | - | सदस्य |
| 4. | **श्री विकास कुमार पाण्डेय,**<br>आंतरिक वित्तीय सलाहकार, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना। | - | सदस्य |

कार्यवाहीः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | - | Construction of Boundary Wall, Main Gate with Guard Room, Campus Development, Approach Road and Horticulture work in Senior Officer Residence at 42 Harding Road, Patna |
| 2. | प्रस्ताव | - | विषयांकित निर्माण कार्य के एकरारित मदों के मात्रा में हुये विचलन एवं अतिरिक्त मदों हेतु पूरक कार्य। |
| 3. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | - | ₹7,75,00,000.00 (विधि विभाग का ज्ञापांक 506/जे0 दिनांक 01.08.2017 |
| 4. | तृतीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि | - | ₹7,17,32,727.00 (मुख्य अभियंता(नि0) का पत्रांक 1371(नि0)अनु0 दिनांक 21.08.2025) अंतर्गत चहारदिवारी आदि कार्यों हेतु कर्णांकित राशि ₹1,52,80,589.00 |
| 5. | एकरारनामा की कुल राशि एवं एकरारनामा संख्या | - | ₹1,36,81,168.00 14F2/2019-20 (परिमाण विपत्र से 10 प्रतिशत कम दर पर) |
| 6. | विषयांकित कार्य हेतु एकरारनामा, विचलन एवं पूरक परिमाण विपत्र सहित कुल राशि | - | ₹1,51,85,195.00 |
| 7. | एकरारित मदों में विचलन की राशि | - | ₹6,45,203.00 |
| 8. | अतिरिक्त कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹8,58,824.00 |
| 9. | कार्य की अद्यतन स्थिति | - | कार्य पूर्ण एवं हस्तांतरित है। |

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाहीः-

अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना के पत्रांक 227 अनु0 दिनांक 25.03.2023 द्वारा Construction of Boundary Wall, Main Gate with Guard Room, Campus Development, Approach Road and Horticulture work in Senior Officer Residence at 42 Harding Road, Patna कार्य के एकरारित मदों में हुये विचलन (₹6,45,203.00), अतिरिक्त कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र (₹8,58,824.00) की स्वीकृति का प्रस्ताव समर्पित किया गया है। विषयांकित निर्माण कार्य के समेकित प्राक्कलन पर मुख्य अभियंता(नि0) के पत्रांक 1371(नि0)अनु0 दिनांक 21.08.2025 द्वारा ₹7,17,32,727.00 मात्र की तृतीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदत है, जिसके अंतर्गत Construction of Boundary Wall, Main Gate with Guard Room, Campus Development, Approach Road and Horticulture की राशि ₹1,52,80,589.00 मात्र है।

**विचलन का मुख्य कारणः-**

प्रस्ताव में ₹6,45,203.00 मात्र का विचलन है। पुनरीक्षित प्राक्कलन पर कार्यपालक अभियंता, संरचना प्रमंडल संख्या-1, पटना, अधीक्षण अभियंता, संरचना अंचल, पटना तथा मुख्य अभियंता(पटना) द्वारा किये गये अनुशंसा के आलोक में मुख्य अभियंता(नि0) के पत्रांक 1371(नि0) अनु0 दिनांक 21.08.2025 के द्वारा तृतीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति प्रदत्त है। विचलन एवं अतिरिक्त कार्य का मूल कारण निर्माण कार्य स्थल पर स्थलीय स्थिति एवं अनुमोदित निरूपण नक्शा के आधार पर कार्य कराया जाना है।

अतिरिक्त (पूरक कार्य) कार्यों की राशि ₹8,58,824.00 मात्र है जिसका मूल कारण निबंधक (स्थापना), माननीय उच्च न्यायालय, पटना के पत्रांक 64303 दिनांक 22.10.2022 द्वारा निदेशित कार्य हैं। इन कार्यों में Fencing Work Rs.-1,04,854.00, Kitchen Cabinet Rs.-6,19,696.00, Plinth Protection & Drain Work Rs.-2,89,184.00 प्रमुख कार्य हैं।

मुख्य अभियंता(निरूपण) द्वारा प्रदत द्वितीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति के आलोक में विचलन एवं अतिरिक्त कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र की विवरणी निम्नवत हैः-

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | मूल एकरारनामा की कुल राशि | - | ₹1,36,81,168.00 |
| 2 | एकरारित मद अन्तर्गत कराये गये कार्य की राशि | - | ₹1,43,26,371.00 |
| 3 | एकरारित मद अन्तर्गत विचलन की राशि (2-1) | - | ₹6,45,203.00 |
| 4 | अतिरिक्त कार्य हेतु पूरक परिमाण विपत्र की राशि | - | ₹8,58,824.00 |
| 5 | कुल बढ़ोत्तरी (3+4) | - | ₹15,04,027.00 |
| 6 | कुल लागत राशि (1+5) | - | ₹1,51,85,195.00 |

'मुख्य अभियंता(नि0) के पत्रांक 1371(नि0) अनु0 दिनांक 21.08.2025 के द्वारा प्रदत्त तृतीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि ₹7,17,32,727.00 के अंतर्गत विषयांकित कार्य हेतु कुल ₹1,52,80,589.00 कर्णांकित है। कुल लागत राशि कर्णांकित राशि से कम है तथा तृतीय पुनरीक्षित तकनीकी स्वीकृति की राशि विधि विभाग से प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति की राशि ₹7,75,00,000.00 के अंतर्गत है। कार्य के संवेदक VS&V Communication Pvt. Ltd. के पत्रांक शून्य दिनांक 05.08.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि "विचलन की राशि ₹6,45,203.00 एवं पूरक कार्य की राशि ₹8,58,824.00 के अतिरिक्त इनका कोई अन्य दावा नहीं है। भविष्य में इनके द्वारा इस कार्य पर कोई अन्य राशि का दावा नहीं किया जायेगा।"

**तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसाः-**

सम्यक् विचारोपरान्त सर्वसम्मति से तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा Construction of Boundary Wall, Main Gate with Guard Room, Campus Development, Approach Road and Horticulture work in Senior Officer Residence at 42 Harding Road, Patna कार्य अन्तर्गत एकरारित मदों में हुये विचलन एवं अतिरिक्त कार्य की स्वीकृति उपरान्त क्रमशः विचलन चार्ट का अनुमोदन तथा पूरक परिमाण विपत्र को अनुमोदित करने एवं पूरक एकरारनामा किये जाने की अनुशंसा के साथ पथ निर्माण विभाग, बिहार के अधिसूचना संख्या-2106(एस) दिनांक 07.03.2017 के आलोक में सहमति प्राप्त करने हेतु विभागीय निविदा समिति में रखने का निर्णय लिया गया।

**विभागीय निविदा समिति का निर्णयः-**

सम्यक् विचारोपरान्त विभागीय निविदा समिति द्वारा सर्वसम्मति से दिनांक 17.02.2026 को तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी अनुशंसा को अनुमोदित किया जाता है।

इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

अंत में बैठक धन्यवाद समाप्त हुई।

(विकास कुमार पाण्डेय)
आंतरिक वित्तीय सलाहकार,
भ0नि0वि0, बिहार, पटना

(ब्रजेश कुमार)
मुख्य अभियंता(पटना)
भ0नि0वि0, बिहार, पटना

(सुरेश प्रसाद प्रभाकर)
अभियंता प्रमुख-सह-अपर
आयुक्त-सह-विशेष सचिव,
भ0नि0वि0, पटना

(कुमार रवि)
सचिव,
भवन निर्माण विभाग,
बिहार, पटना

ज्ञापांक-भवन/मु0अभि0(पटना)योपरि0-2-9/2017-68LP पटना, दिनांक-05.03.26

प्रतिलिपि-आई0टी0 मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, पटना को विभागीय बेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

BK 05/3/2026

(ब्रजेश कुमार)

मुख्य अभियंता(पटना),

भवन निर्माण विभाग, पटना